हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 26 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

एनआरवीएस प्लांट के फर्नेस में ब्लॉस्टः तीन श्रमिक झुलसे



## खबर संक्षेप

### पुलिया निर्माण के लिए 29 करोड़ की मंजूरी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले को एक और बड़ी सौगात दी है। वर्ष 2025-26 के बजट में कांसाबेल–बगीचा मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं पुलिया निर्माण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क लगभग 39 किलोमीटर लंबी होगी, जिसके लिए 29 करोड़ 37 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। इस मार्ग के मजबूतीकरण के साथ आवश्यक पुलिया निर्माण भी शामिल है।इस सड़क निर्माण से कांसाबेल, बगीचा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को आवागमन की सुविधा में बड़ी राहत मिलेगी।खासकर यह मार्ग कांसाबेल विकासखंड के क्षेत्र वासियों को बगीचा तक आवागमन के लिए सुगम होगी,वहीं यह मार्ग जशपुर जिले को सरगुजा जिले से जोड़ने वाली प्रमुख मार्ग भी है।



### जैन हाईस्कूल में मूट कोर्ट प्रतियोगिता



**जशपुरनगर।** श्री महावीर दिगंबर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय, जशपुर में मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनार्दन खरे (जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, एफटीसी जशपुर) तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरोजिनी जनार्दन खरे (जिला न्यायाधीश, जशपुर) रहीं। यह आयोजन सुश्री उपासना जैन (रिसर्चर, नागपुर बेंच, बॉम्बे हाईकोर्ट) के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिन्होंने विद्यार्थियों को मूट कोर्ट की विधिक प्रक्रिया एवं वकालत की बारीकियाँ सिखाईं। उनके निर्देशन में छात्रों ने न्यायालयीन तर्क-वितर्क की कला का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता बीसी जैन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को कानूनी पेशे से जुड़ी उपयोगी जानकारी प्रदान की। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं, नवमीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने टीम लिबर्टी, टीम जस्टिस, टीम इंटीग्रिटी एवं टीम इक्वलिटी के रूप में भाग लिया और अपने-अपने पक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने न्यायालय की कार्यवाही का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने तर्क, प्रमाण और अभिव्यक्ति कौशल से सभी को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के ज्ञान, तर्कशक्ति और प्रस्तुति की सराहना की। सर्वश्रेष्ठ टीम — टीम लिबर्टी (2100 रूपए एवं मेडल) सर्वश्रेष्ठ वक्ता — टीम जस्टिस (अश्मित खलखो) (1100 रूपए एवं मेडल) सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल — टी इंटीग्रिटी (1100 रूपए एवं मेडल) घोषित की गईं। मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों में विधिक चेतना, तार्किक सोच और संवाद कौशल के विकास पर बल दिया।

## देउलबंध और सती उद्यान तालाब पर श्रद्धालुओं ने दिखाया उत्साह

# नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सूर्यदेव की आराधना और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक महापर्व छठ आज पूरे नगर में श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हो गया।

■ लोकरीति, पौराणिक और वैज्ञानिक महत्व भी रहा उजागर

नहाए-खाए के पहले दिन ही शहर के देउलबंध और सती उद्यान तालाब के घाट श्रद्धालुओं से गूंज उठे। घाट पर लोग पवित्र जल में स्नान करते नजर आए। पर्व की पवित्रता और शुद्धता को ध्यान में रखते हुए देउलबंध और सती उद्यान तालाब की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्थानीय लोग भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। पूजा स्थल और तालाब के आसपास फैले कचरे और जल में उग आए जलीय खरपतवार को हटाकर घाट को पूरी तरह शुद्ध किया गया।



### धार्मिक और पौराणिक महत्व

छठ महापर्व का उल्लेख ऋग्वेद, विष्णुपुराण, भगवतपुराण और ब्रह्मपुराण में मिलता है। यह पर्व सूर्य उपासना का प्रतीक है और आरोग्य, सौभाग्य और मोक्ष की प्राप्ति का माध्यम माना जाता है। पं. मनोज रमाकांत मिश्र ने बताया कि ऋषि अर्क कुष्ठ रोग से पीड़ित थे। रोग से परेशान ऋषि ने आकाशवाणी के माध्यम से इस व्रत की महिमा जानी और श्रद्धा से पालन करने पर पूरी तरह स्वस्थ हुए। महाभारत काल में कुंती ने और पांडवों के वनवास के दौरान द्रौपदी ने सूर्य उपासना का पालन कर अपने परिवार और समुदाय की मंगलकामना की। रामायण काल में भगवान राम ने लंका विजय के पश्चात अयोध्या लौटकर कार्तिक मास की षष्ठी को सूर्य की उपासना की थी। इसी प्रकार, भगवान कृष्ण के पुत्र शांब और राजा प्रियव्रत ने भी सूर्य की उपासना करके आरोग्य और कल्याण की प्राप्ति की।

### शहरवासियों का उत्साह

देउलबंध और सती उद्यान तालाब के घाट पर स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु सुबह-सुबह ही पहुंच गए। उन्होंने घाटों को स्वच्छ किया और सूर्य देव की आराधना के लिए पूरी श्रद्धा और भक्ति दिखाई। नगर में छठ महापर्व की इस धूम ने धार्मिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और वैज्ञानिक समझ का एक सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

## कुनकुरी घाट पर युद्धस्तर पर हो रही तैयारियां



कुनकुरी। 25 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का पावन आरंभ हो गया है। पूर्वी भारत की आस्था का सबसे बड़ा पर्व माने जाने वाले छठ की तैयारियों को लेकर कुनकुरी में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। नगर पंचायत प्रशासन ने छठ घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध

छठ पर्व के मद्देनजर नगर पंचायत द्वारा कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पार्षद राजेश ताम्रकार ने बताया कि घाट पर बांस-बल्लियों से सुरक्षा बैरिकेडिंग की जा रही है ताकि जलस्तर के पास जाने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। लाइटिंग की व्यवस्था, शाम और सुबह के अर्घ्य के दौरान बेहतर रोशनी उपलब्ध कराने के लिए की जा रही है। पीने के पानी, मोबाइल शौचालय और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

### नगरवासियों में उत्साह, प्रशासन सतर्क

स्थानीय लोगों में छठ पर्व को लेकर गहरा उत्साह दिख रहा है। वहीं नगर पंचायत प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि घाट पर स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखें। कुनकुरी में छठ पर्व की शुरुआत श्रद्धा, स्वच्छता और सामूहिक सहयोग के साथ हुई है। नगर पंचायत, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से छठ घाटों की तैयारी तेजी से पूरी हो रही है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी बाधा के धर्म और आस्था का पर्व मना सकें। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

## एसडीओपी ने किया पत्थलगांव के छठ घाटों का निरीक्षण



**पत्थलगांव।** छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीओपी डॉ. ध्रुवेश जायसवाल ने शनिवार को पत्थलगांव के दोनों प्रमुख छठ घाटों पुरन तालाब और प्रेम नगर नाला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसडीओपी ने घाटों पर सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं पुलिस बल की तैनाती को लेकर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पुलिस जवानों को निर्देश दिए कि संध्या अर्घ्य और सुबह के अर्घ्य के समय किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जाए और पर्याप्त जवानों की तैनाती की जाए।इस अवसर पर छठ समिति के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, नीरज गुप्ता, और संजय तिवारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि पत्थलगांव में पुरन तालाब और प्रेम नगर नाला में हर वर्ष भारी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा मनाने आते हैं, जिससे इन दोनों घाटों का विशेष महत्व बन जाता है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। इससे पूर्व विधायक गोमती साय पत्थलगांव नगरपालिका के उपाध्यक्ष अजय बंसल भी छठ घाट का निरीक्षण कर कार्यो की जानकारी ली है।

## एसडीएम ने ली छठ समितियों के सदस्यों की बैठक



जशपुर एसडीएम विश्वास राव मस्के एवं सीएस परमा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जशपुर की उपस्थिति में आज शनिवार को एसडीएम कार्यालय में समिति सदस्यों की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें 25 से 28 अक्टूबर तक जशपुर में होने वाले छठ पूजा के संबंध में घाटों की साफ-सफाई, ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें भास्कर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष विद्या भूषण पाठक एवं जयंत सोनी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। भास्कर छठ पूजा समिति द्वारा अवगत कराया गया कि लाईट एवं सीसीटीवी तथा छठ घाट में पूजा पंडाल समीप हेल्प डेस्क हेतु पंडाल की व्यवस्था समिति द्वारा किया जावेगा। ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था पुलिस विभाग द्वारा किया जावेगा। नगर सेना का दल गोताखोर एवं नांव सहित लगातार गस्त करते रहेंगे। एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम छठ घाटों में उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं देंगे। पूजा के दौरान समिति के स्वयं सेवक सतर्कता रखते हुए कार्य में सहयोग करेंगे। विद्युत विभाग को भी निर्देशित किया गया कि छठ घाटों में अनवरक एवं निर्वात विद्युत व्यवस्था बनाये रखें।

# हत्या के दो मामलों में आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस ने जिले में घटित दो अलग-अलग हत्या के मामलों का खुलासा करते हुए दोनों मामलों के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों घटनाएं थाना सन्ना और चौकी मनोरा क्षेत्र की हैं। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लाठी और टांगी भी जब्त कर ली है।

■ सन्ना थाना और मनोरा चौकी क्षेत्र की घटना

■ हत्या में प्रयुक्त लाठी और टांगी जब्त

थाना सन्ना क्षेत्र के ग्राम मधुपुर कवई में घरेलू विवाद के दौरान एक बुजुर्ग ने अपनी ही पत्नी की लाठी से हमला कर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया बुधनी बाई ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को उसके ससुर सुखराम (58 वर्ष) और सास मोहनी बाई के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद शांत कराने के प्रयास के दौरान आरोपी सुखराम ने चूल्हे में रखी अधजली लकड़ी से पत्नी मोहनी बाई के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुखराम को गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। हत्या में प्रयुक्त लकड़ी की लाठी को भी जब्त कर लिया गया है।

### जमीन विवाद में टांगी से की हत्या

वहीं चौकी मनोरा क्षेत्र के ग्राम सकरडीह में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के निवासी की हत्या कर दी। प्रार्थी अनिल राम ने चौकी मनोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पिता विजेश्वर उर्फ विजय उरांव 22 अक्टूबर को मवेशी चराने के बाद घर लौटकर बोरिंग के पास हाथ-पैर धो रहे थे। तभी गांव के ही आरोपी कोशमोस तिर्की (40 वर्ष) वहां पहुंचा और पुराने जमीन विवाद को लेकर झगड़ा करने लगा। नशे में धुत आरोपी ने अपने पास रखी टांगी से मृतक के सिर और गर्दन पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। हत्या में प्रयुक्त लोहे की टांगी भी पुलिस ने जब्त कर ली है।

## चंदौरीडांड में पेड़ों की बड़े पैमाने पर हो रही अवैध कटाई

**बिश्रामपुर।** ग्राम संबलपुर के चंदौरीडांड में इन दिनों यूकेलिप्टस पेड़ों की मनमानी कटाई तेजी से की जा रही है,भूमि के बड़े रकबे में पेड़ों के कटने व लकड़ी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली के दृश्य देखकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है, पर्यावरण संरक्षण की कई बड़ी बातें करने वाले विभागीय अधिकारी इस अवैध कटाई पर आंख मूंदे बैठे हैं,जिससे उनकी कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बीते कई दिनों से बड़ी संख्या में यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटा जा रहा है और यह सिलसिला लगातार जारी है,गांव के पास वनक्षेत्र से जुड़े हिस्सों में लकड़ी माफियाओं की सक्रियता बढ़ी हुई है, पेड़ों की कटाई के बाद ट्रैक्टरों में भरकर लकड़ियां दूसरे प्रांतों में भेजी जा रही हैं,मगर वन विभाग या स्थानीय प्रशासन के किसी भी अधिकारी की मौजूदगी अब तक नहीं देखी गई,ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कई बार सूचना देने के बावजूद किसी ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा नहीं लिया,ग्रामीणों ने कहा कि हमने बार-बार फोन के माध्यम से अधिकारियों को जानकारी दी गई है,ग्रामीणों का मानना है कि यह सिर्फ पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि पर्यावरण के साथ खुला खिलवाड़ है। वे कहते हैं कि एक तरफ सरकार हरियाली बचाने और वृक्षारोपण अभियान चलाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर वन संपदा की इस खुली लूट पर विभाग चुप्पी साधे हुए है,बताया जा रहा है कि यूकेलिप्टस पेड़ मिट्टी से अत्यधिक मात्रा में पानी सोखते हैं, इसलिए इन्हें अनियंत्रित रूप से लगाना और काटना दोनों ही पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील विषय है,लगातार पेड़ों की कटाई से न केवल मिट्टी की नमी घटेगी बल्कि क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन भी बिगड़ सकता है।लोगों का आरोप है कि इस अवैध गतिविधि में विभाग के कुछ कर्मचारी भी मौन सहमति दे रहे हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ पक्के घर का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के बगीचा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सन्ना गांव की रहने वाली श्रीमती महंती बेक का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने की राह पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उनके पति सुनील के नाम से पक्के मकान की स्वीकृति मिली है, जिसका निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से प्रगतिरत है। मिट्टी और टिन की झोपड़ी में जीवन बिताने वाली महंती बेक अब अपने नए पक्के घर की दीवारें खड़ी होते देख खुश हैं। महंती बेक बताती हैं कि "हमारा जीवन कठिनाइयों से भरा रहा। मैं और मेरे पति रोज़ मजदूरी करके किसी तरह घर का खर्च चलाते हैं। दो छोटे बच्चों की परवरिश के साथ पक्का घर बनाना हमारे लिए एक सपना ही था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने यह सपना पूरा कर दिया।"वे बताती हैं कि इस योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहायता मिली, जिससे घर का निर्माण कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ा। सरकार की योजनाओं ने उनके जीवन में स्थायित्व और सम्मान की भावना दी है। महंती बेक आगे कहती हैं कि "महतारी वंदन योजना के माध्यम से मुझे 1000 रूपए प्रतिमाह की सहायता मिलती है, जिससे बच्चों की जरूरतें पूरी करने में बड़ी मदद मिलती है। उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर मिलने के बाद अब खाना पकाने में आसानी होती है।" महंती बेक कहती हैं — "पहले बरसात में छत टपकती थी, सर्दी में हवा अंदर आती थी, गर्मी में मिट्टी की दीवारें झुलसाती थीं। अब जल्द ही हम अपने नए पक्के घर में रहेंगे। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की हृदय से आभारी हूं, जिन्होंने हम गरीबों के लिए घर का सपना साकार किया।"

■ महतारी वंदन और आवास योजना बनीं ग्रामीण महिला की ताकत

MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE



किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ

यूरोलॉजी सेवाएँ
• लेजर से पथरी का इलाज —बिना चीरे
• बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
• पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
• किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
• छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलाजी सेवाएँ
• हेमो डायलिसिस
• पर्माकैथ टनल्ड डायलिसिस
• सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
• किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

## एडवांस लाइफ सपोर्ट सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों के लिए जीवन रक्षक

# सड़क दुर्घटना में घायलों को मिली एलएस एंबुलेंस की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कुनकुरीवासियों को उपलब्ध कराया गया एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले पीड़ितों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रहा है।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस एंबुलेंस में गंभीर रूप से घायल हुए मरीजों को सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचने में सहायता मिल रही है। गुरूवार की शाम लगभग पौने 7 बजे कुनकुरी के सलियाटोली के पास दो बाइक के मध्य हुई सीधी भिड़ंत में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही संजीवनी एंबुलेंस के जिला प्रबंधक दीपक साहू स्वयं एएलएस और एक संजीवनी एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए राजेश गुप्ता को एएलएस एंबुलेंस मे लाईफ स्पोर्ट सिस्टम की सहायता से अस्पताल तक पहुंचाया गया। वहीं समान्य रूप से घायल बाइक चालक को संजीवनी एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। घायलों के परीक्षण व प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल राजेश गुप्ता को बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया है। वहीं दूसरे घायल का उपचार हालीक्रास अस्पताल में जारी है।

### ट्रामा वैन से एडवांस है एएलएस एंबुलेंस

संजीवनी एंबुलेंस सेवा के जिला प्रबंधक दीपक साहू ने बताया कि एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस एक तरह से चलता हुआ आईसीयू है। उन्होनें बताया कि इस एंबुलेंस में कार्डियक मानिटर लगा होता है। इसमें मरीज के हार्ट बीट और प्लस रेट की निगरानी की जाती है। इसके साथ ही डी फबुलेटर की सुविधा भी इसमें दी गई है। इस मेडिकल इक्यूपमेंट का उपयोग गंभीर मरीज की जान बचाने झटका देने के लिए किया जाता है। आईसीयू की तरह इन्फ्यूजन पंप की सुविधा भी है। इसका उपयोग घायल मरीज को अस्पताल पहुंचने तक विशिष्ट रूप से दवा देने के लिए किया जाता है। जिले में अगस्त 2024 से दो एएलएस एंबुलेंस घायलों की जान बचाने के लिए सेवा दे रही है। स्वास्थ्य विभाग ने एक एएलएस एंबुलेंस कुनकुरी और एक जशपुर के जिला चिकित्सालय में तैनात किया है।

